दिनांक: 08 नवम्बर, 2017

सेवा में
माननीय सदस्य,
मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश,
कानपुर

विषय : "नगर की स्वच्छता व् शुद्धता में हमारा योगदान" पर आयोजित गोष्ठी।

प्रिय महोदय, **कृपया ध्यान दे**

मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, कानपुर नगर निगम, फुड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा कानपुर होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में **"नगर की स्वच्छता व् शुद्धता में हमारा योगदान"** विषय पर दिनांक **10 नवम्बर, 2017** समय **अपरान्ह 03:00 बजे** गोष्ठी का आयोजन कर रहा है। यह गोष्ठी सर पदमपत सिंघानिया सभागार, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, सिविल लाइन्स, कानपुर में आयोजित की जायेगी।

उक्त गोष्ठी के *मुख्य-अतिथि* **श्री अविनाश सिंह, नगर आयुक्त**, कानपुर होंगे।

आयोजित की जाने वाली गोष्ठी में आप, अपने मित्रो एवं आपसे जुड़े हुए अन्य व्यक्तियों के साथ सादर आमंत्रित है। आपकी व् आपके सहयोगियों की गरिमामयी उपस्थिति से नगर को नई पहचान मिलेगी।

आपको अवगत कराना है कि मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश ने श्रीमान नगर आयुक्त महोदय को कानपुर नगर की समस्या के साथ-साथ उसका समाधान पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करने का निश्चय किया है। इस सन्दर्भ में कानपुर नगर से सम्बंधित अन्य समस्याओ (जो कि संलग्नक पत्र में नहीं लिखी गयी है) एवं उनके प्रस्तावित सुझावों को आप मर्चेंट्स चैम्बर की ई-मेल आई.डी. ***merchantschamberup@gmail.com*** पर भेज सकते है ताकि उन्हें भी ज्ञापन में शामिल किया जा सके । अतएव, इस महत्वपूर्ण विषय की गोष्ठी के उपरोक्तलिखित तिथि व् समय पर अवश्य पधारे।

सधन्यवाद
द्वारा - मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर पदेश

ए.के. सिन्हा
(सचिव)